# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 49 सुलतानपुर मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## योगी ने गोरखपुर में लगाया जनता दरबार

## सुनी फरियादियों की समस्याएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर दौरे का आज दूसरा दिन रहा। सुबह के समय सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और गौ सेवा भी की। मंदिर भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने बच्चों से स्नेहिल मुलाकात की और उन्हें चाकलेट दी साथ ही आशीर्वाद भी प्रदान किया। उसके बाद सीएम योगी ने गोरक्षनाथ मंदिर में बने मिनी सीएम ऑफिस में रविवार को जनता दरबार लगाया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें दूर–दूर से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं सुनाई। सीएम योगी ने एक–एक करके सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने जनता दरबार में मौजूद लोगों से मुलाकात की और उनके मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हर एक व्यक्ति की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के 120 वें स्थापना दिवस समारोह में 67 मेधावी छात्रों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया था। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संकट में हर व्यक्ति और संस्थान की पहचान होती है और जब अचानक कोई चुनौती आती है तो लोग बड़े–बड़े दावे करके मैदान छोड़ भाग जाते हैं। उन्होंने कहा, ''यह वह समय होता है, जब कोई बिखर जाता है और जो चुनौतियों का सामना करता है वो निखर जाता है। हमें बिखरना नहीं है। केजीएमयू के गौरव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कि कोई भी मरीज निराश न जाए। संस्थान नई–नई सेवाओं के साथ आगे बढ़ रहा है और वर्ष 1905 में जब मेडिकल कॉलेज खुलने की बात आई होगी तो उस समय रियासतों ने सहयोग किया होगा। 10 लाख 75 हजार 800 रुपये से मेडिकल कॉलेज शुरू हो गया। वहीं संस्थान आज अपनी शानदार यात्रा के साथ देश के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान के रूप में अग्रणी चिकित्सा संस्थान के रूप में लगातार आगे बढ़ रहा है। आज केजीएमयू का दायरा लगभग 100 एकड़ के क्षेत्रफल में होने जा रहा है। यह शानदार सफर ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान केजीएमयू में मिसाल पेश की है।



## तहरीक-ए-मुजाहिदीन का संदिग्ध सदस्य बंगाल के दक्षिण 24 परगना से गिरफ्तार, कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

***एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित तहरीक-ए-मुजाहिदीन संगठन के सदस्य होने के संदेह में जावेद मुंशी को जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की एक संयुक्तटीम ने कैनिंग अस्पताल के पास से पकड़ा। अलीपुर सीजेएम कोर्ट ने जावेद मुंशी को 31 दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है।***

नई दिल्ली (एजेंसी)पश्चिम बंगाल के अलीपुर सीजेएम कोर्ट ने जावेद मुंशी को 31 दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है। जावेद मुंशी को जम्मू–कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रविवार को गिरफ्तार किया। मुंशी पर आतंकी संगठन श्तहरीक–ए–मुजाहिदीनश का सदस्य होने का संदेह है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से मुंशी की गिरफ्तारी की गयी है।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित तहरीक–ए–मुजाहिदीन संगठन के सदस्य होने के संदेह में जावेद मुंशी को जम्मू–कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कैनिंग अस्पताल के पास से पकड़ा। उन्होंने बताया कि जावेद ने दावा किया कि वह निजी कारणों से कैनिंग कस्बे में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। जावेद घाटी में कथित तौर पर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है और जम्मू–कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। अधिकारी ने बताया कि तहरीक–ए–मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है और घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संपर्क हैं।जावेद के परिजनों ने कहा कि वह श्रीनगर का निवासी है, लेकिन उन्हें उसके किसी आतंकी संगठन से संबंध के बारे में जानकारी नहीं है और अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो कानून को अपना काम करना चाहिए।बता दें, यह गिरफ्तारी हाल में आतंकवादी संगठन अंसार–अल–इस्लाम बांग्लादेश के आठ संदिग्ध सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हुई है, जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले 'चिकन नेक' को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से दो मुर्शिदाबाद जिले के थे और बंगाल, केरल व असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे।




## समाजसेवी व प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जरूरतमंदों को कंबल का कराया वितरण

### समाज में आदर्श बनने और बुलंदियां को छूने की सीख देता है पिता – अमर सिंह,अभय सिंह।

कूरेभार,सुलतानपुर– जीवन में पिता की अहम भूमिका होती है। पिता अपने बेटों को अच्छे संस्कार देकर समाज में आदर्श बनने और बुलंदियां छूने की सीख देता है। पिता यही चाहता है कि उनका बेटा समाज में नाम रोशन करें। पिता की इस सोच को जिले के दो सगे भाई चरितार्थ कर रहे हैं। अपने पिता के कारवां को आगे बढाने का काम कर रहे हैं। रविवार को विकास खंड कूरेभार के इरुल निजी आवास पर समाजसेवी व प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह ने विगत 17 वर्षों की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंदों को कंबल वितरण कराया।जिसमे मुख्यअतिथि सदर विधायक राजप्रासाद उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह(सोनू)ने पहुच कर सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजलन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ातें हुए श्री उपाध्याय ने कहा अपने परम पूज्य स्वरूपिताजी के इस ठंड के मौसम में महान कार्य को आगे बढ़ाने का जो काम कर रहे है।वो लगातार बढ़ाते रहे। जिसमें इरुल,राधवपुर,श्री रामपुर के लगभग 300 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया।कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए।इस दौरान अमर सिंह ने बताया कि पूज्य पिताजी स्व0प्रेमलाल सिंह ने सन 2007 से यह कार्यक्रम शुरू किया,जो कि अनवरत 17 वर्षों से जारी हैं।उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद पहुँचाने की प्रेरणा स्व0 पिता जी से मिली है।इस दौरान,राजकुमार सिंह,हल्का लेखपाल राधेश्याम शुक्ला,रामप्रसाद,करिया,रवि यादव,मनोज सिंह,राजेश सिंह,मान सिंह,ढुनमुन पाण्डेय,ललऊ प्रसाद,नम्बरी,राजकुमारी,रीता,लल्ली देवी,शोभावती,केशा,बुधना,जय प्रकाश,मुरली,रविन्द्र उपाध्याय,अरविंद सिंह(कुण्टू) रवि यादव,अमन सिंह,श्रेयांश सिंह(ओम),जय प्रकाश, अभय सिंह,ग्राम प्रधान रघुराज,चंद्रभूषण पाण्डेय,अमरेंद्र सिंह,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।




## लखनऊ पुलिस की मुठभेड़ में बैंक चोरी का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ,(आरएनएस ) लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम टीम और थाना चिनहट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। किसान पथ, लौलाई के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जो बिहार के विभिन्न जिलों के निवासी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 3 लाख रुपये नकद, कीमती ज्वैलरी, एक अवैध देसी तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।पूछताछ में अभियुक्तों ने इण्डियन ओवरसीज बैंक, मटियारी, थाना चिनहट में दीवार तोड़कर लॉकर से नकदी और ज्वैलरी चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर इस मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र सिंह सेंगर और डीसीपी पूर्वी श्री शशांक सिंह के निर्देशन में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं, और फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।बरामदगी में शामिल सामान 3 लाख रुपये नकद1889 ग्राम कीमती पीली धातु की ज्वैलरी1240 ग्राम कीमती सफेद धातु की ज्वैलरीएक अवैध देसी तमंचा 315 बोर एक खोखा कारतूस 315 बोरगिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष श्री भरत कुमार पाठक, प्रभारी सतीश कुमार (डीसीपी पूर्वी क्राइम टीम), व0उ0नि0 सफात उल्ला खां, उ0नि0 श्री धनंजय कुमार सिंह, उ0नि0 श्री अभय नरायण पाण्डेय और अन्य थाना चिनहट पुलिस सदस्य शामिल रहे।

## वाम शासन में पिछड़ा रहा त्रिपुरा, भाजपा ने किया विकास, राज्य में बसाये गए ब्रू आदिवासी गांव के दौरे के दौरान बोले अमितशाह

**अमित शाह ने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान त्रिपुरा विकास के सभी मानदंडों पर पीछे रह गया था, लेकिन अब प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, श्35 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्टों ने दावा किया कि उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया।श**

नई दिल्ली (एजेंसी)केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विस्थापित ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास वाले एक गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वामदलों पर 35 साल के अपने शासन के दौरान त्रिपुरा को श्पिछड़ाश राज्य बनाने का आरोप लगाया। एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य की सत्ता में आने के बाद ही यहां प्रगति हो सकी।अमित शाह ने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान त्रिपुरा विकास के सभी मानदंडों पर पीछे रह गया था, लेकिन अब प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, श35 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्टों ने दावा किया कि उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। कांग्रेस ने भी काफी समय तक त्रिपुरा पर शासन किया। लेकिन राज्य के लोग हमेशा गरीब ही रहे। जब भाजपा सत्ता में आई, तब त्रिपुरा में विकास हुआ।शाह ने कहा कि जब वह 2017 में भाजपा अध्यक्ष के तौर पर त्रिपुरा आए थे और पांच दिन रुके थे, तब केवल 11 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा, श्धीरे–धीरे हमने अपना काम शुरू किया। हमने कड़ी मेहनत की और सालों की मेहनत के बाद कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर कर पाए।इसे भी पढ़ेंरू ज्मीतममा–म–डनरीपकममद का संदिग्ध सदस्य बंगाल के दक्षिण 24 परगना से गिरफ्तार, कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेजागृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी शासन के दौरान सिर्फ 2.5 प्रतिशत लोगों को नल से पीने का पानी मिलता था और अब 85 प्रतिशत लोगों को पीने योग्य पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज नहीं मिलता था, लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलोग्राम चावल मिलता है और सभी को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।शाह ने कहा कि त्रिपुरा में निवेश आया है और लोगों को मुफ्त बिजली और एलपीजी कनेक्शन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब स्कूल छोड़ने की दर तीन प्रतिशत से भी कम है, जबकि नामांकन 99 प्रतिशत है, लेकिन वामपंथी शासन के दौरान यह दर बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, श्विद्रोहियों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अब त्रिपुरा में शांति है। मां त्रिपुरसुंदरी के आशीर्वाद से त्रिपुरा देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक होगा। आज मुझे अपार खुशी मिल रही है। शरणार्थियों के पुनर्वास का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने 40,000 विस्थापित लोगों के पुनर्वास का फैसला किया है। उन्होंने कहा, श्ब्रू लोग अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे थे। लेकिन वामपंथी सरकार ने उनकी स्थिति सुधारने के लिए कभी कोई कदम नहीं उठाया। अब हम इस पर काम कर रहे हैं और पहले ही 11 गांव बसाए जा चुके हैं जबकि एक और गांव बसाने का काम जारी है।श्शाह ने कहा कि ब्रू लोगों को अब वे सभी स्वतंत्रताएं मिल रही हैं जो किसी अन्य भारतीय नागरिक को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि अब उनके पास आधार कार्ड है, वे मतदाता सूची में नामांकित हैं, उनके पास राशन कार्ड हैं और ये सब मोदी सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासित लोगों को उनके मकान बनाने के लिए 1.5 लाख रुपये, सावधि जमा के रूप में चार लाख रुपये तथा 24 महीने के लिए 5000 रुपये मासिक किस्त के रूप में दिए गए।



## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही की वकालत की

***''जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिश्श्य को बदला नहीं जा सकता। और जब तक ग्रामीण परिश्श्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते।''***

पई दिल्ली (एजेंसी)संसद में व्यवधान के कारण कामकाज कम होने की पृष्ठभूमि में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सांसदों की जवाबदेही की वकालत की और कहा कि लोग सांसदों को यह सोचने पर मजबूर करें कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए अभिव्यक्ति और संवाद दोनों बड़ी जिम्मेदारी के साथ–साथ चलने चाहिए। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सांसदों के बीच जवाबदेही का आह्वान करते हुए कहा, ''कोई गलती न करें मैं सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है।''आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने कहा, ''लोग आपको (सांसदों) सोचने पर मजबूर करेंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे?'' चौधरी चरण सिंह पुरस्कार, 2024 के विजेताओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है।उन्होंने कहा, ''जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिदृश्य को बदला नहीं जा सकता। और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते।''उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ''कठिन चुनौती'' है। धनखड़ ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



## राहुल गांधी हिंसा प्रभावित परभणी का दौरा करेंगेय भाजपा ने इसे 'नौटंकी' बताया

***मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डा. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी।***

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे और इस महीने की शुरुआत में वहां हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मिलेंगे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने गांधी के दौरे को ''नौटंकी'' करार दिया है।मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी।कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, गांधी आंबेडकरवादी सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोडे के परिवार वालों से मुलाकात करेंगे। सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी और वाकोडे की विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी।आरोप लगाए गए हैं कि सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में हत्या की गई। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हाल में राज्य विधानसभा में कहा कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट को बताया था कि उन्हें प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखा।फडणवीस पहले ही परभणी हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं। प्रदेश भाजपा प्रमुख और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को ''नौटंकी'' करार दिया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''ऐसी नौटंकी करने के बजाय इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि रचनात्मक तरीकों से समाज को कैसे लाभ पहुंचाया जा सकता है। भाजपा और राज्य सरकार समाज और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



## पश्चिमी यूपी की तर्ज पर कम ऊंचाई के बनाए जाएं पूर्वांचल एक्सप्रेसवे गुड्डू सिंह।



सुल्तानपुर। किसान नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन केध अयोध्या मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश सिह गुड्डू ने कहा कि जिले से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ऊंचाई कम की जाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर इसे बनाया जाए ताकि किसानों के रोजगार प्रभावित न हों।महामंत्री माताध प्रसाद, जिलाध्यक्ष राम प्यारेध्वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शकील कुरैसी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज गौतम, तहसील अध्यक्ष सदर रामनाथ मिश्रा, तहसील अध्यक्ष जयसिंहपुर राम नायक वर्मा ,जिला मीडिया प्रभारी सुब्राती, ब्लॉक अध्यक्ष कुड़वार हुसैन अली जिला संगठन मंत्री राम तीरथ साहू जी अशोक पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय...

## अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है।

श्वन नेशन वन इलेक्शनत्र का हेडलाईन मेनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . ..! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है।

अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है।

बुधवार को विपक्ष के सासंदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है।

अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी।पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं? कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है? खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो!कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान।दलितों की तरह ादिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा।

# सुप्रीम कोर्ट के दो सुप्रीम फैसले



सुप्रीम कोर्ट देश की सबसे बड़ी अदालत है। इसलिए उसके फैसलों पर सभी की निगाह रहती है। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट के दो फैसले काफी चर्चा में हैं। पहला फैसला कर्नाटक को लेकर है जहां 2 लोगों ने एक मस्जिद में घुसकर जयश्रीराम के नारे लगाये थे। वहां की सरकार ने इसे 'अपराध' बताया और हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने धार्मिक भावनाएं आहत होने के आरोप को खारिज कर दिया। इसके बाद सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई जयश्रीराम का नारा लगाता है तो दूसरे की धार्मिक भावनाएं कैसे आहत हो रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। इसी प्रकार का एक मामला हरियाणा से जुड़ा है। हरियाणा की आईपीएस भारती अरोड़ा ने एनडीपीएस एक्ट में एक निर्दोष को छोड़ दिया था। इस पर भारती अरोड़ा को आरोपी की मदद करने में मुकदमा दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गत 13 दिसम्बर को रिटायर्ड आईपीएस भारती अरोड़ा के खिलाफ समन और मामले की कार्रवाई को रद्द कर दिया है।

मस्जिद के अंदर जय श्री राम का नारा लगाने से धार्मिक भावनाएं आहत होने के आरोप में दर्ज मुकदमा रद्द करने के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कनार्टक सरकार को इस केस में नोटिस जारी करने से मना कर दिया। मामला दक्षिण कन्नड़ जिले का है, जहां 2 लोगों ने मस्जिद में घुसकर जय श्रीराम के नारे लगाए थे। ये मामला जब हाई कोर्ट पहुंचा, तो अदालत ने इसे रद्द कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पूछा– यह अपराध कैसे है? इस पर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, अगर एक समुदाय के धार्मिक स्थल पर, दूसरे समुदाय के नारे लगाने की अनुमति दी जाती है, तो इससे सांप्रदायिक विवाद पैदा होगा। इसके बाद हैदर अली नामक व्यक्ति की याचिका पर कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा गया। हाई कोर्ट ने मस्जिद के अंदर नारा लगाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर रद्द कर दिया था कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत नहीं हुईं। आरोप लगाया गया है कि दक्षिण कन्नड़ जिले के निवासी दो व्यक्ति पिछले साल सितंबर में एक रात स्थानीय मस्जिद में घुस गए और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था, यह समझ से परे है कि अगर कोई जय श्रीराम का नारा लगाता है, तो इससे किसी वर्ग की धार्मिक भावना कैसे आहत होंगी? जब शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिंदू–मुस्लिम सौहार्द के साथ रह रहे हैं, तो इस घटना को किसी भी तरह से अपराध नहीं माना जा सकता।दूसरा मामला हरियाणा का है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की रिटायर्ड आईपीएस अफसर भारती अरोड़ा के खिलाफ जारी समन और मामले की कार्यवाही को रद्द कर दिया। यह मामला 2005 में उनकी जांच से जुड़ा था, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार एक व्यक्ति को निर्दोष पाया गया था। कोर्ट ने कहा कि भारती अरोड़ा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 58 के तहत गलत तरीके से फंसाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने भारती अरोड़ा के खिलाफ आदेश देने वाली विशेष अदालत पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि जज ने पक्षपात किया और न्याय, निष्पक्ष सुनवाई और सही प्रक्रिया के नियमों का पालन नहीं किया।

भारती अरोड़ा ने कहा, "सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते!" उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी के तौर पर उनका कर्तव्य था कि वह बेसहारा लोगों की मदद करें और किसी निर्दोष को फंसने न दें। उन्होंने यह भी कहा कि ईमानदारी से काम करने की वजह से उन्हें कई सालों तक मुश्किलें झेलनी पड़ीं, लेकिन आखिरकार सत्य की जीत हुई। 1998 बैच की आईपीएस अधिकारी और राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित अरोड़ा ने 2021 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी, जब वह अंबाला में पुलिस महानिरीक्षक थीं।यह मामला जनवरी 2005 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुए एक नशा–विरोधी छापे से जुड़ा है, जहां पुलिस ने एक संदिग्ध, रण सिंह, से कथित तौर पर 8.7 किलोग्राम अफीम बरामद की थी। अरोड़ा उस समय कुरुक्षेत्र में एसपी थीं। रण सिंह ने अपने एक रिश्तेदार के जरिए एसपी को आवेदन दिया। उसमें कहा गया कि वह निर्दोष है और दूसरों ने उसे फंसाने के लिए अफीम रखी थी। इस पर अरौड़ा ने डीएसपी राम फाल को जांच करने का आदेश दिया। जांच में पता चला कि रण सिंह बेगुनाह है और अफीम तीन तस्करों–सुरजीत सिंह, अंग्रेज सिंह और मेहर दीन–ने रखी थी, जिन पर पहले से केस दर्ज थे। पुलिस ने रण सिंह को निर्दोष बताते हुए अदालत में बरी करने का आवेदन किया। विशेष जज ने इस जांच को खारिज कर दिया और 2007 में रण सिंह को दोषी ठहराया गया साथ ही अरोड़ा समेत अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। उन पर आरोप था कि उन्होंने सबूत गढ़े और जांच को गुमराह किया। एनडीपीएस एक्ट की धारा 58 का मकसद यह है कि अधिकारी अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल न करें। अगर कोई अधिकारी जानबूझकर गलत काम करता है या किसी को परेशान करने के इरादे से कार्रवाई करता है, तो इस धारा के तहत सजा का प्रावधान है। अरोड़ा को 15 मार्च 2007 को कोर्ट में बुलाया गया। पेशी के बाद, कोर्ट ने उन्हें अपना जवाब देने के लिए 12 अप्रैल की तारीख दी, और उन्होंने जवाब दाखिल कर दिया। मामला चलता रहा और 22 मई 2008 को उन्हें फिर से कोर्ट में पेश होने को कहा गया। अरोड़ा ने कोर्ट में जाने से छूट मांगी। उन्होंने बताया कि उन्हें हरियाणा पुलिस के रेलवे और तकनीकी सेवाओं के आईजी ने समझौता एक्सप्रेस धमाके की जांच से जुड़ी टीमों के साथ काम करने के लिए जयपुर भेजा था।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अरोड़ा के खिलाफ कार्यवाही में जरूरी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया, जैसे गवाहों की जांच और क्रॉस–एक्सामिनेशन। जस्टिस गवई ने कहा, "अरोड़ा के खिलाफ जो निष्कर्ष दिए गए हैं वे कानूनी गलतियों से भरे हुए हैं। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है और कार्यवाही में प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई है।" **(हिफी)**

## महाराष्ट्र के चाणक्य की रणनीति

इस बार (2024) के विधानसभा चुनाव के नतीजे देखने के बाद कुछ लोग कहने लगे कि महाराष्ट्र के चाणक्य शरद पवार अपना प्रभाव खो चुके हैं लेकिन हाल ही में राज्य के अनार किसानों को लेकर उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना लोगों के कान खड़े कर रहा है। मोदी को भी महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस की सरकार को एकनाथ शिंदे और अजित पवार रूपी राहु केतु ग्रहों को नियंत्रण में रखने के लिए उद्धव ठाकरे अथवा शरद पवार की निकटता की जरूरत है। वीर सावरकर को भारत रत्न की मांग और देवेन्द्र फडणवीस से उद्धव की मुलाकात ने शरद पवार को भी चौंकाया होगा। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में कांग्रेस अब फिट नहीं बैठ रही है। यह बात भाजपा भी जानती है। इसके अलावा मोदी को किसान आंदोलन से भी चिंता पैदा होने लगी है। शरद पवार कृषि मंत्री भी रह चुके हैं। किसानों के संगठनों से शरद पवार के अच्छे संबंध होने का फायदा उठाया जा सकता है। शरद पवार की पार्टी के पास राज्य सभा सदस्यों को मिलाकर 10 सांसद भी हैं। भाजपा के 232 और शरद पवार के 8 सांसद बहुमत के करीब पहुंच जाते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर मोदी सरकार को विपक्ष के मित्रों के समर्थन की भी जरूरत है

# कांग्रेस का सियासी अभिमान



ओवर कॉन्फिडेंस अर्थात अति विश्वास और अभिमान में अंतर होता है। राहुल गांधी की बात हम छोड़ भी दें तो अनुभवी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को यह बात समझ में क्यों नहीं आ रही है। हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक जनता ने कांग्रेस को जो सबक दिया है उसी को आधार बनाकर ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, उमर अब्दुल्ला और तेजस्वी यादव ने अपने सुर बदले हैं। कांग्रेस को इसके बाद भी इस बात का अभिमान है कि विपक्ष की वह नेता है। उसका फैसला सभी विपक्षी दलों को मानना होगा। इसी रौ में बिहार में उसने सीटों की घोषणा की है। पप्पू यादव के बयान ने भी कांग्रेस का अभिमान बढ़ा दिया है। पप्पू यादव कांग्रेस को बड़े भाई की भूमिका में रहने का राग अलाप रहे हैं। बिहार में अगले साल ही विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने दावा किया है कि वह 2025 के चुनाव में 70 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए अर्थात इंडिया के 24 घटक दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव मैदान में उतरेंगे। प्रशांत किशोर से जुड़े सवाल पर डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि उन्होंने अभी नई–नई पार्टी बनाई है। उन्हें काम करने दीजिए। उन्होंने कहा मेरी सलाह है कि प्रशांत किशोर को भी आइएनडीआइए में शामिल हो जाना चाहिए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की महिलाओं को 25 सौ रुपये देने की घोषणा पर कहा कि हम लोग इससे ज्यादा भी दे सकते हैं लेकिन, हमारा ध्यान पहले सरकार बनाने की लड़ाई पर होना चाहिए। विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर अधिक से अधिक सीटें प्राप्त करनी होगी। कांग्रेस की पहली परीक्षा तो दिल्ली के विधानसभा चुनाव में ही हो जाएगी। इसके बाद ही कांग्रेस के किसी दावे पर भरोसा किया जा सकेगा।बिहार के सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस का घमंड बढ़ा दिया है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री कोई बने, इससे मेरा कोई मतलब नहीं है। इसको दिल्ली में कांग्रेस को तय करने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। मेरा सिर्फ एक मतलब है कि बिहार चुनाव के दौरान कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में रहे। उन्होंने कहा बिहार में 15 जनवरी के बाद कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। सांसद ने कहा कि अगर बिहार में बनने वाली सरकार में हमारी हिस्सेदारी हुई तो पेपर लीक जैसी घटनाओं पर विराम लगाते हुए तीन महीने के अंदर छात्रों को ज्वाइनिंग दे दी जाएगी। संविदा एवं नियोजन के लिए परीक्षाएं आयोजित नहीं होगा। बिहारी छात्रों के लिए बिहार में डोमिसाइल की नीति लाई जाएगी और 80 प्रतिशत बिहारियों का स्थान यहां की सेवा में सुरक्षित होगा।पप्पू यादव के इस बयान के बाद ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में 15 दिसंबर को सेवा दल के स्थापना कार्यक्रम के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने बड़ा दावा किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 2020 के चुनाव में 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

# फिल्मी दुनिया/सेहत



## दीया मिर्जा की पहली फिल्म दुबारा रिलीज

दीया मिर्जा बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटेड हीरोइनों में से एक हैं। हाल ही में उनकी पहली फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' दोबारा रिलीज हुई, जिस पर ऑडियंस ने खूब प्यार लुटाया। इस बीच दीया मिर्जा ने कहा कि अगर उनकी सलमान खान के साथ फिल्म 'तुमको ना भूल पाएंगे' फिर से थिएटर्स में दस्तक देती है, तो उसे भी दर्शकों से बहुत प्यार मिल सकता है। एक इंटरव्यू के दौरान दीया ने सलमान के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया कि किस तरह सलमान खान सेट पर उनकी केयर करते थे क्योंकि वह फिल्म इंडस्ट्री में नई थीं।

एक इंटरव्यू में दीया मिर्जा ने 'तुमको ना भूल पाएंगे' फिल्म की शूटिंग को लेकर बात की। दीया मिर्जा ने राजस्थान में सलमान खान के साथ शूटिंग का एक्सपीरियंस शेयर किया, जहां सैकड़ों लोग उन्हें घेर लेते थे, लेकिन सलमान ने सुनिश्चित किया कि दीया सेफ रहें। दीया मिर्जा ने बताया, 'आजकल सेट पर जो जेंडर बैलेंस दिखता है, वो उन दिनों में नहीं था। जब तक सेट पर महिला डांसर नहीं होती थीं, वहां मुश्किल से ही महिलाएं होती थीं। यह एक पुरुष–प्रधान जगह थी। मुझे याद है कि सलमान बहुत ही प्रोटेक्टिव और बहुत ही केयर करने वाले थे।' उन्होंने बताया, 'हम राजस्थान में बिंदिया चमके चूड़ी खनके गाने की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन जब हम वापस आ रहे थे, सैकड़ों लोग हमारा पीछा कर रहे थे। वे चिल्ला रहे थे और सीटी बजा रहे थे और यह काफी ज्यादा था। सलमान और मुझे सिक्योरिटी के साथ एक कार में भेजा गया ताकि हम सुरक्षित रहें क्योंकि जहां हम शूटिंग कर रहे थे, वह जगह बहुत भीड़भाड़ वाली थी। मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मुझे पहले कार में बिठाया जाए। **(हिफी)**

## ब्लैक आउटफिट पहन नेहा मलिक ने दिखाया बोल्ड अवतार, भोजपुरी क्वीन की हाटनेस देख फैंस के उड़े होश



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट किलर फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करती है तो वो तेजी से वायरल होने लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग लुक में पोज देती हुई एक से बढकर एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं।नेहा मलिक की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश जैकेट और ब्लैक पेंट पहना हुआ है।बालों की पोनीटेल बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– टू मच हॉट। दूसरे ने लिखा है– यू लुक सो गॉर्जिस। तीसरे यूजर ने लिखा है– लुकिंग गुड।

## शिल्पा व राजकुंद्रा के कई डिवाइस सीज



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 29 नवम्बर को एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के मुंबई स्थित बंगले और ऑफिस में छापेमारी की। इसके अलावा, ईडी ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के 15 जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ईडी अधिकारियों डिजिटल और इलेक्ट्रोनिक डिवाइस को सीज किया, जोकि पोर्नोग्राफी मामले से जुड़े हैं। इसके अलावा उनके कुछ बैंक अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया। यह छापेमारी उनके खिलाफ पोर्नोग्राफी नेटवर्क मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई। राज कुंद्रा को जून 2021 में कथित तौर पर अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में दो महीने जेल में बिताने के बाद उन्हें सितंबर 2021 में जमानत मिल गई। इसके बाद से इस मामले की जांच चल रही है। ईडी ने कुछ आरोपियों के बैंक खाते को फ्रीज किया है। वह अब इन खातों से पैसों को लेनदेन नहीं कर सकते हैं। ईडी की टीम ने मुंबई लखनऊ और प्रयागराज से संयुक्त रूप से छापेमारी की।ईडी के सूत्र के मुताबिक, कठकुइयां के रोहित चौरसिया को नोटिस जारी कर 4 दिसंबर को मुंबई ईडी कार्यालय में तलब किया गया है। रोहित चौरसिया होगी विस्तार से पूछताछ होगी। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से जुड़े मामले में सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई हुई पूरी लेकिन तफ्तीश जारी है। उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जांच एजेंसी के रडार पर हैं। विस्तार से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

जांच एजेंसी के रडार पर अरविंद श्रीवास्तव और उससे जुड़े कई लोग भी हैं। अरविंद श्रीवास्तव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर इलाके का रहने वाला है। कानपुर में ईडी ने श्यामनगर में अरविंद श्रीवास्तव के घर में छापेमारी की थी। पिछले काफी समय से सिंगापुर में रह रहा अरविंद ही कुंद्रा का प्रोडक्शन हाउस संभालता था।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में सपाईयों ने किया प्रदर्शन

## -कहा-संसद में डा आंबेडकर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी भाजपा की मानसिकता को दर्शाती है

अयोध्या। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ समाजवादी पार्टी जिला कमेटी व महानगर में कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से आज यहां विरोध प्रदर्शन किया प्रेस क्लब के सामने एकत्र हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार व गृहमंत्री विरोधी नारे लगाते हुए कचहरी की तरफ बढ़े। पुलिस ने कचहरी गेट को बंद कर दिया जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वहीं खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा संसद में डॉ आंबेडकर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब का अपमान समाजवादी के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री यादव ने कहा कि हम सभी को हक और जीने का अधिकार बाबा साहब के संविधान से मिला है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी को मुंह तोड़ जवाब देगी। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने इस मौके पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के नशे में इस कदर मदमस्त है कि वह देश के महान नेताओं के ऊपर टिप्पणी कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान पूरे देश का अपमान है पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि हम सबको जो अधिकार मिला है यह सब बाबा साहब की देन है हम सब बाबा साहब के अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कहा कि बाबा साहब ने दलित और पिछड़ों की जो लड़ाई लड़ी है उसी के बदौलत जनता को न्याय मिल रहा है पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी साजिश को जान चुकी है बीकापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने इस मौके पर कहा कि बाबा साहब का अपमान पूरे देश का अपमान है इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज सुबह बड़ी तादाद में सपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर सरकार विरोधी नारे लगाए ।इसके बाद प्रेस क्लब से लेकर कचहरी तक मार्च किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।उन्होंने बताया कि कचहरी गेट पर पहुंचकर एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति से सम्बोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस मौके पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान, राहुल सिंह, बलराम मौर्या, अमृत राजपाल, छोटेलाल यादव, इन्द्रपाल यादव, रामअचल यादव, रक्षाराम यादव, एजाज अहमद, ओपी पासवान, जेपी यादव, आकिब खान, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव, रामजी पाल, राजेश पटेल, जयसिंह यादव, अंसार अहमद बब्बन, जगदीश यादव, शावेज जाफरी, राकेश चौरसिया, विजय यादव, शिवकुमार फौजी, सियाराम निषाद, विन्देश्वरी यादव, अखिलेश पाण्डेय, सरोज यादव, अपर्णा जायसवाल, रोली यादव, अंगद यादव, बाबूराम



गौड़, कृष्ण गोपाल यादव, वसी हैदर गुड्डू मो. असलम, श्रीचन्द यादव, राकेश पाण्डेय, रियाज अहमद, उमेश यादव, वीरेन्द्र गौतम, विक्की यादव, अखिलेश यादव, गोविन्द विश्वकर्मा, जगन्नाथ यादव, अनुपम गिरि, रामनेवल पाल, राजनाथ यादव, शिवांशु तिवारी, शिवशंकर मिश्रा, प्रवीण राठौर, ऋतुराज सिंह, शक्ति जायसवाल, अजय यादव, विजय यादव, बृजलाल, सुनील तिवारी, सुबेदार यादव, कमलेश सोलंकी, विशाल पाल, जगतनारायण यादव, सर्वजीत यादव, वकार अहमद, फरीद कुरैशी, सैमिदा कुरैशी, महमूद खान, शमशेर यादव, मायाराम यादव, दातादीन यादव, घनश्याम यादव, के0के0 पटेल, ननकन यादव, विनय यादव, साहबलाल यादव, सूर्यभान यादव, अमित सिंह, बिन्दा सिंह, राशिद जमील, शोएब खान, रितेश यादव, अखिलेश चतुर्वेदी, संजय यादव, अनस खान, अजय मिश्रा,

# कांग्रेस डा अम्बेडकर के अपमान को सहन नहीं कर सकती–सुनील मिश्र

**ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर ।18 वी लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा से संवैधानिक मूल्यो और लोकतंत्र के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोडती इस बार तो सारी हद ही पार कर दी। संविधान के पच्चहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में संविधान पर चर्चा की मांग रखी गयी उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने कही। उन्होंने कहा अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग को लगातार ठुकराये जाने पर प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गयी। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार से लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यो की प्रतिबद्धता याद दिलायी। समता, समानता और न्याय के डॉ अम्बेडकर के आदेशों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नहीं आयी। सत्ता पक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की यही नही, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ अम्बेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी।उन्होंने कहा अमित शाह ने कहा ष्अभी एक फैशन हो गया है – अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना अगर भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। उन्होंने कहा आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ कराया था। लेकिन भाजपा ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है लेकिन दुख बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी है।उन्होंने कहा कांग्रेस समेत समस्त प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है, लेकिन मोदी सरकार डा अम्बेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है उल्टे भाजपा ने संसद ठप्प रखी, यही नही, अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सासंदों के साथ धक्का मुक्की की गयी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को गिरा दिया गया। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं में एफ आई आर दर्ज करा दी।उन्होंने कहा भाजपा और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ अम्बेडकर और संविधान विरोधी रहे हैं, इसलिए न केवल संविधान के निर्माण के समय से विरोध किया, बल्कि उससे पहले डॉ अम्बेडकर को चुनाव हरवाया है।कांग्रेस डॉ अम्बेडकर के अपमान को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग लेकर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नही देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।उन्होंने कहा कल २४ दिसम्बर दिन मंगलवार को दिन में ११ बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जिला मुख्यालय स्थिति डा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तक ष्बाबा साहब अम्बेडकर सम्मान मार्चष् किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव अमित जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ष्छोटूष्, रवीश शुक्ला उदयभान मिश्र ष्राजबहादुरष् श्रीकांत वर्मा, विशाल वर्मा, सुखीलाल वर्मा, विश्वभान मिश्रष्मस्सूष्, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, प्रदीप कुमार पटेल, वी पी गौतम, आनंद अमृतराज वर्मा मस्तराम शर्मा समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।




# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग

## -काग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन

अयोध्या भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरोधी में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष पीसीसी सदस्य रामसागर रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचहरी पहुंचकर बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे नारे लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।ज्ञापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की गई इसके पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पीसीसी सदस्य रामसागर रावत ने कहा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर देश के लोगों के दिलों में बसते हैं उनका अपमान बर्दाश्त नहीं है उन्होंने कहा भाजपा के लोग कभी महात्मा गांधी कभी पंडित नेहरू के बारे में भी अनाप–शनाप बोलते हैं अब हम सभी के लिए आदर्श बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की खिल्ली उड़ाई जिससे इनका दलित विरोधी चेहरा उजागर हुआ है इसका जवाब इन्हें देश की जनता देगी कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप रावत व पीसीसी सदस्य राम अवध ने कहां बाबा साहब का अपमान देश के करोड़ों करोड़ों संविधान समर्थ को दलित पिछड़े लोगों का अपमान है उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है गृह मंत्री की इस्तीफे य बर्खास्तगी तक कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी आंदोलन से उपजी है और भाजपा के हर गलत कार्यों का विरोध करते रहेंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडे जिला सचिव सरोज पासी, प्रदेश सचिव बलबीर कोरी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, राजपाल पासी, चंचल सोनकर, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम पान्डेय, बलवंत रावत, सोशल मीडिया इंचार्ज, राम उजागिर, पूर्व वि स प्रत्याशी राम नरेश मौर्या, संजय यादव, राम अवतार ब्लाक अध्यक्ष, राजित राम महा नगर अध्यक्ष, उदय राज यादव,राजकुमार मौर्या, राधेश्याम रावत, मनोज रावत,सरजू प्रसाद वर्मा,राज प्रताप, आदि लोग मौजूद रहे।




# शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि शिक्षा के प्रति जागरूक हुए छात्र-छात्राएं

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मवई ब्लाक से 100 छात्र–छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचा। इस भ्रमण में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित बच्चे शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम के नेतृत्व में बच्चों को भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यायल के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर कृषि शिक्षा एवं भारतीय कृषि प्रणाली के विकास की बारीकियों को विस्तार से जाना। छात्रों का दल पशुधन प्रक्षेत्र, एनएसपी–6, मुख्य क्रीडा परिसर पहुंचा। इसी क्रम में सभी विद्यार्थी मात्सियकी प्रक्षेत्र पहुंचे जहां तालाब में मछलियों को दाना खिलाकर उत्साहित दिखे और जलसंरक्षण के बारे में जानकारी ली। छात्रों का दल पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय पहुंचकर पशुओं को पालने एवं पशु पोषण में प्रयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। पशुओं को बीमारी से बचाने एवं समय–समय पर पशुओं का टीकाकरण के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं ने श्रीअन्न से बनने वाले व्यंजनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सब्जी विज्ञान प्रक्षेत्र पर छात्रों ने सब्जी व आंवला, बेल, ड्रैगन फ्रूट की खेती देखकर उत्साहित हुए। छात्रों के भ्रमण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम, ब्लाक मंत्री संजय सिंह, एआरपी आशुतोष तिवारी, सहायक अध्यापक अमित कुमार भारती, शिक्षिका शालिनी राजपाल सहित विवि के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स अकबरपुर बना चौंपियन तो सेंट जेवियर्स जलालपुर बना रनर

अम्बेडकरनगर। ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वाधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम अकबरपुर अम्बेडकरनगर में आयोजित होने वाली दो दिवसीय 7वी जिला स्तरीय ताईक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन अंबेडकर नगर ताईक्वाण्डो के चेयरमैन राजन सुमन और सचिव मंगेश कुमार मन की अगुवाई में सकुशल सम्पन्न हुआ । इस प्रतियोगिता में आठ स्कूल और स्पोर्ट्स क्लबो के 128 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने और अपने स्कूल के लिए गोल्ड सिल्वर और ब्रोन्ज मेडल जीतने के लिए अपना जी जान लगा दिया। उत्तर प्रदेश ताईक्वाण्डो संगठन के सचिव राजकुमार और सहसचिव मोहित कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और पुष्प वृक्ष देकर सम्मानित किया तथा विजेता खिलाड़ियों को जनवरी में होने वाली सातवीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभा करने का आमंत्रित किया। सेंटजेवियर्स स्कूल अकबरपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 गोल्ड 18 सिल्वर 23 ब्रोंज मेडल जीतकर चौम्पियन ट्रॉफी पर कब्जा किया तथा सेंट जेवियर्स स्कूल जलालपुर के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड 8 सिल्वर 7 ब्रांच के साथ दूसरे स्थान पर तथा 12 गोल्ड एक सिल्वर मेडल के साथ मन मार्शल आर्ट फाइट क्लब तमसा मार्ग के खिलाड़ी तृतीय स्थान पर रहे। मिशन ग्रीन अर्थ के आलोक वर्मा द्वारा सभी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों को पुष्प वृक्ष प्रदान का सम्मानित किया । निर्णायक की भूमिका में ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के ट्रेजरार नेशनल रेफरी रजत मौर्य ,गाजीपुर से नेशनल रेफरी रविकांत, आंचल तथा जनपद के अभिषेक मौर्य ,हेमंत गुप्ता,मन्नू चौहान ने निष्पक्षता से निभाई। इस दौरान आरंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष संध्या सिंह समीप, एसोसिएशन के मनोज कुमार पाल ,रूपेश त्रिपाठी , आशुतोष मौर्य ,स्कूलों के अध्यापक मोहम्मद जावेद ,मनीष यादव हजरत फातिमा तथा खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद रहे।



# अल्पसंख्यक विभाग के भ्रष्टाचारी लूट रहे गरीब मुसलमानों का हक़: जाहिद खान

## -बगैर किसी भू स्वामित्व के चल रहा मदरसा अहले सुन्नत मिराजुल उलूम

अयोध्या। धार्मिक नगरी अयोध्या के मोहल्ला दिल्ली दरवाजा में अल्पसंख्यक विभाग की मिली भगत से, अवैध मदरसा अहले सुन्नत मिराजुल उलूम दिल्ली दरवाजा बगैर किसी भू स्वामित्व के चल रहा है। उक्त अवैध मदरसे का निजी भूमि भवन नहीं है और मानक भी नहीं है और ना उसमें कोई बच्चे है, परंतु अल्पसंख्यक विभाग पूरे प्रकरण से भली भांति अवगत होते हुए भी मौन है। तथा हर महीने निजी लाभ लेते हुए समस्त अध्यापकों का वेतन दिया जा रहा है। इस संबंध में कई बार आवाज़ उठा चुके, सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई प्रदेश उपाध्यक्ष एवं,समाजसेवी जाहिद खाँ वारसी बाबा ने बताया कि जनपद अयोध्या के नज़ूल गाटा संख्या 465 पर, मस्जिद इमामबाड़ा कब्र आदि दर्ज है उक्त सभी धार्मिक स्थलों को मुस्लिम समुदाय, के कुछ अराजक और बे ईमान लोगों द्वारा,अल्पसंख्यक विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की मदद के द्वारा ही पूरी तरह मिटाकर उसपर अवैध मदरसा केवल कागज पर ही चलाया जा रहा है। और मदरसा प्रबंधक व अवैध किस्म से नियुक्त फर्जी अध्यापक समसुल कमर आदि द्वारा, उक्त नजूल अभिलेखों में फर्जी तरीके से मदरसा का नाम दर्शाकर समस्त विभागों को धोखा दिया गया है। समाजसेवी श्री वारसी ने मोहल्ला दिल्ली दरवाजा में चल रहे अवैध मदरसा अहले सुन्नत मेराजुल उलूम दिल्ली दरवाजा के संबंध में उच्च अधिकारियों को शिकायत कर 22 बिंदु पर जांच किए जाने का अनुरोध किया गया था, उक्त अवैध मदरसे की जांच पूर्व रजिस्ट्रार रही प्रियंका अवस्थी तथा वर्तमान उपनिदेशक बस्ती मंडल बस्ती द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को जनपद अयोध्या में आकर की गई, जिस संबंध में श्री वारसी द्वारा अपने दिए गए पत्र के माध्यम से 22 बिंदुओं से अतिरिक्त सात बिंदुओं पर भी उन्हें अवगत कराया था। श्री वारसी ने कहा कि उक्त मदरसा प्रबंधन आदि द्वारा नजूल अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ कर उसमें फर्जी तरीके से मदरसा का नाम दर्शाकर नजूल विभाग सहित रजिस्ट्रार/ निरीक्षक उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ ,उपनिदेशक अयोध्या मंडल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अयोध्या को धोखा देने का काम किया है



# प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण।

**ब्यूरो सिद्धार्थनगर–**

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा प्राथमिक विद्यालय, धौरीकुइंया, विकास क्षेत्र नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा गया जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से वार्ता किया गया तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया शिक्षक डायरी पूर्ण न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक रमेश चन्द्र स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़, व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।



# सुशासन सप्ताह के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अंबेडकर नगर ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन सप्ताह के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह 2024 (दिनांक 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक) के तहत प्रशासन गांव की ओर के उद्देश्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रेरणादाई नेतृत्व में जनपद के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तिध्परिवारों तक केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के पहुंच को और भी सुचारू एवं सुगम बनाए जाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन दिन गांव का भ्रमण करें एवं ग्राउंड जीरो पर जाकर लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अच्छादित करें। इससे सरकार वह जनता के बीच पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुसार आम आदमी की खुशहाली के लिए हासिये पर खड़े व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ा जाए उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए तभी सुशासन की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी ष्प्रशासन गांव की ओरष् अभियान में तकनीकी का प्रयोग करते हुए और बेहतर परिणाम दे सकते हैं। अपर जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित एवं शासकीय व्यवस्था के विभिन्न आयामों एवं उनके सदुपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आईजीआरएस एवं जनता दर्शन में प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की जानकारी प्रदान की। इसी के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत किए जा रहे बेहतर कार्यों, जिला मिशन मैनेजर एनआरएलएम द्वारा जनपद में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा किए जा रहे स्वरोजगार एवं उनसे होने वाले आए के संबंध में बनाई गई पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन किया गया।

# टीकाकरण को लेकर जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर से एक बच्ची द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ब्यूरो सिद्धार्थनगर–**

जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर सिद्धार्थनगर से एफ.एम.डी.सी.पी. टीकाकरण का पांचवां चरण का शुभारम्भ किया एक बच्ची, जिसका नाम कु० पल्लवी है द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया निदेशक, रोग नियंत्रण एंव प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, लखनऊ



द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर को कुल 2,53,000 खुराक बैक्सीन प्राप्त हुई है, जिसे 45 दिनों में अभियान चलाकर दि० 23–12–2024 से दि० 05–02–2025 तक टीकाकरण किया जायेगा इसके लिये जनपद में विकास खण्ड स्तर पर पशुपालन विभाग की दो–दो टीमें गठित की गयी है, जो घर घर जाकर रोस्टर के अनुसार एफ.एम.डी. टीकाकरण का कार्य करेगी यह एफ.एम. डी० टीका गोवंश एंव महिष वंशों में लगाया जायेगा, जो पूर्णतः निःशुल्क रहेगा

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, एफ एम डी सी पी टीकाकरण अभियान में एन ए डी सी पी के जनपदीय नोडल डा. ऋषिकेश उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारीसदर नौगढ़ डा.आर.बी यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी जोगिया डा. प्रदीप कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी बैरवा नानकार, पशु चिकित्सा अधिकारी ककरहवा डा.वीके पाण्डेय,

एम वी यूं नौगढ़ के डा. पवन मिश्रा पशु धन प्रसार अधिकारी अरुन कुमार प्रजापति, पशु धन प्रसार अधिकारी रमेश, उमेश पाण्डेय सभी पशु मित्र उपस्थिति रहे।

# एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं डीएम

## जिलाधिकारी ने एक मुश्त समाधान योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के दिए निर्देश

**ब्यूरो देवरिया**

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के माध्यम से अधिक से अधिक बकायेदारों को लाभान्वित किया जाए। यह योजना उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिजली बिलों के निपटारे का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 4,95,106 विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें से 2,59,689 उपभोक्ताओं ने 30 जून 2024 के बाद से भुगतान नहीं किया है। इनमें 1,29,696 उपभोक्ता नेवर पेड (कभी भुगतान न करने वाले) श्रेणी में आते हैं। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत अमित कुमार सिंह तथा अधिशासी अभियंता देवरिया खंड राकेश वर्मा को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के बीच योजना की जानकारी को बढ़ावा देने के लिए गांव–गांव कैंप आयोजित किए जाएं। एक मुश्त समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों पर विशेष छूट और सरचार्ज माफी दी जा रही है। बकाया राशि का भुगतान जन सेवा केंद्र (सीएससी), फिनटेक कंपनियों (जैसे सहज सरल, बीएलएस इंटरनेशनल, व्योम टेक, विद्युत सखी) और विद्युत विभाग के कैंपों के माध्यम से किया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के खिलाफ आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी की गई है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जनपद में ऐसे 11,637 उपभोक्ता हैं। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों का सुधार, बिलिंग संबंधित समस्याओं का समाधान और भुगतान की सुविधा उनके नजदीकी केंद्रों पर दी जाए।उन्होंने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के हित में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई है, जिसका उद्देश्य बकायेदारों को राहत देना और विभागीय राजस्व संग्रह को सुचारू बनाना है। सभी उपभोक्ता समय पर योजना का लाभ उठाएं और विद्युत बिल संबंधी अपनी समस्याओं का समाधान करें। क्या है एक मुश्त समाधान योजना राज्य सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिलों पर सरचार्ज और ब्याज में छूट देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (व्ेे) शुरू की है। यह योजना 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक तीन चरणों में लागू होगी। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि योजना के तहत पंजीकरण के समय उपभोक्ताओं को 30 सितंबर 2024 तक के बकाए का 30ः भुगतान करना होगा। पहले चरण (15–31 दिसंबर) में एकमुश्त भुगतान पर घरेलू उपभोक्ताओं को 100ः सरचार्ज छूट मिलेगी, जबकि दूसरे और तीसरे चरण में यह छूट क्रमशः 80ः और 70ः होगी। योजना के तहत किसान, घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक, और स्थायी विच्छेदित उपभोक्ता लाभ उठा सकते हैं। पंजीकरण विभागीय कार्यालय, जनसेवा केंद्र या ू नचचबस.वतह पर किया जा सकता है। योजना से जुड़ी समस्याओं का समाधान और बकाया बिलों का निपटारा

# क्रिसमस को लेकर तैयारियां जोरों पर रंग बिरंगी आकर्षक लाइटों से सजा सेंट पीटर्स स्कूल

अंबेडकर नगर ।ईसाई धर्म का प्रमुख त्योहार क्रिसमस का आगज होते ही शहर के हृदयस्थली में स्थित सेंट पीटर्स चर्च रंग बिरंगी आकर्षक लाइटों से सजा दिया गया है, ईसाई समुदाय के लोग अपने घरों को रोशन कर कर क्रिसमस ट्री को स्थापित करने लगे हैं। इसी कड़ी में सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज भी रंग बिरंगी झालरों से नहाया हुआ लग रहा है। प्रत्येक वर्ष ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव 25 दिसंबर को मनाया जाता है इसे क्रिसमस डे भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन से रात छोटी और दिन बड़ा होने लगता है इसलिए इसे बड़ा दिन का त्यौहार भी कहा जाता है। इसके चलते मसीही समुदाय के लोग आपस में एक दूसरे से खुशियां मना कर प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में बधाई गीत जिसे कैरल सॉन्ग कहा जाता है गाते हैं, नगर नगर द्वार द्वार जाकर मसीही गीत के माध्यम से यीशु के आगमन की सूचना देते हैं। चर्च के मुख्य पुरोहित फादर फैड्रिक ने बताया चर्च की वेदी आदि को व्यवस्थित व सुसज्जित ढंग से सजाया जा रहा है। 24 दिसंबर की मध्य रात्रि में प्रभु यीशु का जन्म होगा लोग एक दूसरे से मिलकर शुभकामनाएं अर्पित करेंगे केक काटा जाएगा खुशी के गीत गाए जाएंगे लोग पूजा के बाद अपने अपने घरों को जाएंगे दूसरे दिन प्रातः 25 दिसंबर की सुबह प्रार्थना सभा होगी। सेंट पीटर्स विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर विल्सन ने बताया की क्रिसमस का पर्व प्रेम सद्भाव आपसी भाईचारे का त्यौहार आज पूरा विश्व मना रहा है इसी कड़ी में नगर वासियों के लिए विद्यालय प्रांगण में क्रिसमस मेला का भी आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न तरह की खाने–पीने की स्टाल आदि की भी व्यवस्था की जा रही है। मेले का उद्घाटन 25 दिसंबर को 12 से सांयकाल 8 बजे तक चलेगा मेले में सभी लोग नगरवासी सम्मिलित होकर खुशी और आनंद मनाये।




स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक,**सम्पादक कपिल देव शुक्ल** द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं025 लोलेपुर सुलतानपुर उ० प्र०. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट, पो० व थाना कुरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ०प्र०) से प्रकाशित **सम्पादक– कपिल देव शुक्ल**, मो० 9415739288,9721748962
E-mail: kdshukla-79@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।